तापमान
अधिकतम 19 .8 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024

13 खेलो इंडिया यूथ गेम्स में निखलेश ने जीता रजत पदक



14 कल्पना चावला को पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



## खबर संक्षेप



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स।

### आशा वर्कर्स ने दिया धरना, किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** आशा वर्कर्स ने वीरवार को नागरिक अस्पताल में धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सिविल सर्जन को ज्ञापन भी सौंपा गया। धरने के दौरान बताया गया कि आशा वर्कर्स की विभिन्न मांगों को लेकर 16 फरवरी को 1 दिवसीय हड़ताल की जा रही है।

### वुशू कप के लिए ट्रायल 4 को प्रताप स्कूल में

**खरखौदा।** नेशनल फेडरेशन वुशु कप के हरियाणा की सीनियर टीम के लिए ट्रायल 4 फरवरी को प्रताप स्कूल खरखौदा में होगा। सोनीपत वुशु संघ के सचिव विनोद गुलिया ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाण-पत्र व आधारकार्ड की कॉपी व दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आएँ। इस ट्रायल में 18 वर्ष से उपर के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ी 4 फरवरी को सुबह 8 बजे विद्यालय में पहुँचे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन नेशनल फेडरेशन वुशु के लिए हरियाणा की टीम में चयन किया जाएगा।

### हमलावरों ने चालक से मारपीट कर छीनी नकदी

**खरखौदा।** पीपली गांव के पास एक हाईवा ट्रक चालक से कई युवकों ने मारपीट की और नकद राशि छीन ली। गांव गंगाना निवासी विकास ने बताया कि वह डस्ट का काम करता है। वह अपने हाईवा ट्रक में चरखी दादरी से डस्ट भरकर बागपत जा रहा था। जब वह पीपली गांव के पास पहुंचा तो बोलरो गाड़ी में आये कई युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। उन युवकों ने उसकी जेब से 10 हजार रुपए भी छीन लिए। मार्ग पर अधिक वाहन इकट्ठा होने की वजह से युवक भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत।** हरदोई यूपी निवासी पुष्कर ने बताय कि वह राई में प्राइवेट नौकरी करता है। उसके भाई का साला मेडीलाल उर्फ गौतम (35) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। वह मजदूरी के लिए गांव गढ़मीरकपुर आया हुआ था। गत 31 जनवरी को वह कमरे में देर शाम तक नहीं पहुंचा। उसकी तलाश की तो वह गढ़मिरकपुर के पास सड़क किनारे मृत हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

# वन सेक्टर वन प्रपोजल थीम, 150 करोड़ रुपये के प्रस्ताव हुए वापस

सीवर, सड़क पानी, रेन वॉटर ड्रेनेज के प्रपोजल अलग-अलग भेजे जाते थे पहले

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा जिले में चार सेक्टरों को फ्लोट किया जाना है। इसमें सोनीपत के दो और गोहाना के दो सेक्टर शामिल हैं। इन सेक्टरों के विकास के लिये तैयार किए गए लगभग 150 करोड़ रुपये के 22 प्रपोजल उच्च विभाग की तरफ से वापस आ गए हैं। इन प्रपोजल में सड़क निर्माण से लेकर सीवर, पेयजल, स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज तक के प्रपोजल शामिल हैं। चार सेक्टरों में सिर्फ एक सेक्टर के दो ही प्रपोजल को स्वीकार किया गया था, जिन पर काम पहले से ही शुरू हो चुका है। अब बाकि प्रपोजल के पास होने का इंतजार था, लेकिन ये प्रपोजल विभाग की तरफ से वापस आ गए। ऐसा नहीं है कि अब इन सेक्टरों को फ्लोट नहीं किया जाएगा। इन सेक्टरों को फ्लोट किया जाएगा, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने वन सेक्टर वन प्रपोजल की नीतियां अपनाई है। जिसकी वजह से सेक्टरों के 150 करोड़ रुपये के प्रपोजल वापस भेजे गए हैं। अब जिला स्तरीय अधिकारी इन प्रपोजल को सेक्टर के हिसाब से एक सेक्टर का एक ही प्रपोजल बनाएंगे, इस एक प्रपोजल में ही सेक्टर की सड़कों, सीवर, पेयजल और स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज के प्रपोजल का समावेश किया जाएगा। मतलब ये कि चार सेक्टरों के सिर्फ 4 प्रपोजल ही भेजे जाएंगे, जबकि पहले इन 4 सेक्टरों के लिये 22 प्रपोजल भेजे गए थे। प्रपोजल के बारे में बताया जाए तो किसी भी विभाग द्वारा उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सार्वजनिक काम के लिये अनुमानित कीमत तय की जाती है। इस अनुमानित कीमत और काम की पूरी जानकारी को उच्च विभाग में भेजा जाता है। इसे ही प्रपोजल कहा जाता है।




सोनीपत। एचएसवीपी कार्यालय। *फोटो : हरिभूमि*

### अब बढ़ सकता है प्रपोजल का अमाउंट

जानकारों की मानें तो विभाग ने 144.35 करोड़ रुपये के प्रपोजल वापस भेजे हैं और नए सिरे से प्रपोजल मंगवाए गए हैं। नए सिरे से जो प्रपोजल मंगवाए गए हैं, उनकी कीमत पहले वाले प्रपोजल से अधिक हो सकती है। क्योंकि वापस आने वाले प्रपोजल में से कई प्रपोजल 2022 में भेजे गए थे। ऐसे में 2 सालों में मैटीरियल की कीमत में भी इजाफा हुआ है। इसी वजह से नए प्रपोजल का आंकड़ा 150 करोड़ के आंकडे को पार कर जाएगा।

### निर्देशों के तहत तैयार किए जा रहे प्रपोजल

विभाग ने सभी प्रपोजल को वापस भेज दिया है। सड़कों, सीवर और अन्य के प्रपोजल अलग-अलग भेजने की बजाए एक सेक्टर का एक ही प्रपोजल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत प्रपोजल तैयार किए जा रहे हैं।
- **पवन कुमार**, एक्सईएन, सोनीपत।

### ये सेक्टर होंगे फ्लोट

सोनीपत में सेक्टर 5 और 6
गोहाना में सेक्टर 16 व 13 (14 पार्ट)

### ये प्रपोजल हो चुके थे पास

एचएसवीपी की तरफ से काफी समय पहले चारों सेक्टरों के लिये कुल 22 प्रपोजल भेजे गए थे। इसमें से चार प्रपोजल ही पास हुए थे। जिनमें सड़कों और सीवर से संबंधित प्रपोजल थे। ये सभी प्रपोजल सेक्टर 6 के लिये थे। इसमें सेक्टर 6 में सड़क निर्माण के लिये 16.14 करोड़ और सीवर का 2.78 करोड़ का प्रपोजल मंजूर हुआ था। इन प्रपोजल पर टेंडर पास होने के बाद काम भी शुरू हो चुका है।

### ये टेंडर हुए वापस

| | |
|---|---|
| **सेक्टर 5** | |
| कार्य | अनुमानित खर्च |
| सड़कें | 14.94 करोड़ |
| पानी सप्लाई | 9.88 करोड़ |
| सीवर | 2.76 करोड़ |
| स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज | 4.46 करोड़ |
| **सेक्टर 6** | |
| सीवर | 6.70 करोड़ |
| पानी सप्लाई | 8.41 करोड़ |
| **सेक्टर 13 व 14 पार्ट गोहाना** | |
| सड़कें | 31.23 करोड़ |
| वॉटर सप्लाई व वर्कस | 13.96 करोड़ |
| सीवर | 16.15 करोड़ |
| स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज | 8.50 करोड़ |
| **सेक्टर 16 गोहाना** | |
| सड़कें | 9.79 करोड़ |
| पानी सप्लाई | 6.12 करोड़ |
| सीवर | 8.78 करोड़ |
| स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज | 2.67 करोड़ |
| कुल | 144.35 करोड़ |

## सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी का पुतला जलाया

- खराब फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन अमरजीत मान पर भड़के किसान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

बीमा कंपनियों द्वारा खराब फसलों का मुआवजा न देने से विक्षुब्ध किसान शहर में सोनीपत रोड स्थित उपमंडलीय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। धरने पर बैठे किसानों ने गुरुवार को सेवानिवृत्त आईएएस अमरजीत मान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला जलाया। किसानो का आरोप है कि अमरजीत मान बीमा कंपनी का पक्ष ले रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि सरकार ने फसल बीमा के लिए निगरानी कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी में सेवानिवृत्त आईएएस अमरजीत मान की अहम जिम्मेदारी है। किसानों ने कहा कि जिला स्तरीय जांच में फैसला किसानों के हक में आ चुका है जबकि अमरजीत मान बीमा कंपनी का पक्ष ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 2021 और 2022 में हजारों किसानों की रबी और खरीद की फसलों में नुकसान हुआ था। जिन किसानों की फसलें खराब हुई बीमा कंपनियों ने उनको मुआवजा देने की जगह उनका प्रीमियम वापस देकर पल्ला झाड़ लिया। प्रदर्शन में यूनियन गोहाना तहसील के चेयरमैन भगत सिंह, यूनियन कथूरा खंड के महासचिव भोला मलिक, कथूरा खंड अध्यक्ष कृष्ण मलिक, कदम डागर, संदीप सिंहरोहा करनाल, रमेश मलिक, शमशेर मलिक, कर्मवीर पहलवान, राजेश नरवाल व राजमल सरपंच रूखी शामिल रहे।



गोहाना। पुतला जलाते हुए किसान। *फोटो : हरिभूमि*

## दूसरे दिन भी छापेमारी, 3 कर्मचारी मिले गैरहाजिर

- सीएम फ्लाइंग ने लाइसेंस व आरसी का रिकार्ड भी जांचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

सीएम फ्लाइंग की टीम ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में छापा मारा। सीएम फ्लाइंग निरीक्षक श्रवण सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक महाबीर, सहायक उपनिरीक्षक सतनारायण, हवलदार राजेश, खुफिया विभाग के हवलदार सितेंद्र ने एसडीएम कार्यालय में पहुंचते ही फिर से कर्मचारियों हाजरी जांची। दूसरे दिन भी अधिकतर कर्मचारी ड्यूटी पर समय पर नहीं पहुंचे। कुछ देर बाद कर्मचारी ड्यूटी पर आना शुरू हुए, लेकिन 3 कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे ही नहीं। जिनकी गैरहाजरी लगवा कर सीएम फ्लाइंग की टीम ने उनके नाम आगामी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दिए। बुधवार को लाइसेंस क्लर्क की अनुपस्थिति के कारण सीएम फ्लाइंग की टीम लाइसेंस व आरसी का रिकार्ड जांच नहीं कर पाई थी। गुरुवार को टीम फिर से आरसी व लाइसेंस शाखा में पहुंची और रिकार्ड की जांच करने में जुट गई। टीम ने आवेदन लेने की प्रक्रिया के बारे में सुपरीटेंडेंट और लाइसेंस क्लर्क ज्योति से पूछताछ की। इसके बाद लाइसेंस क्लर्क ज्योति से टीम ने पिछले साल का रिकार्ड मांगा। टीम ने एक-एक महीने के रिकार्ड की गहनता से जांच की। जांच में सामने आया कि पिछले साल मई-जून तक की आरसी व लाइसेंस की फाइलें पेंडिंग पड़ी थी। सीए फ्लाइंग की टीम ने जब सुपरीटेंडेंट और लाइसेंस क्लर्क ज्योति से फाइलों के पेडेंसी के बारे में पूछताछ की तो दोनों स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद टीम ने रिकार्ड की पूरी जानकारी जुटा कर ले गई।

सीएम फ्लाइंग शिकायतें मिलने पर एसडीएम कार्यालय में पहुंची थी। जब टीम रिकार्ड की जांच कर रही थी तो इस दौरान भी काफी लोग लाइसेंस क्लर्क के कार्यालय में पहुंच कर अपनी फाइल के बारे में जानकारी मांगते दिखाई दिए। जब लोगों को सीएम फ्लाइंग के बारे में सूचना मिली तो वे भी टीम के सामने अपना दुखड़ा रोते दिखाई दिए। लोगों ने बताया कि वह एसडीएम कार्यालय में लाइसेंस आरसी लेने के कई बार चक्कर काट चुके हैं। कभी उनकी फाइल गुम हो जाती है तो कभी उन्हें टेक्निकल दिक्कत बता कर वापिस घर भेज दिया जाता है। लाइसेंस क्लर्क उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं।



गन्नौर। लाइसेंस व आरसी के रिकॉर्ड की जांच करती सीएम फ्लाइंग।

### काफी पेंडेंसी सामने आई

सीएम फ्लाइंग निरीक्षक श्रवण सिंह ने बताया कि टीम ने एक साल तक के रिकार्ड की जांच की है। जिसमें काफी पेंडेंसी सामने आई हैं। वहीं दूसरे दिन भी 3 कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए हैं। टीम अब इसकी रिपोर्ट तैयार कर आगामी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों व सरकार को सौंप देगी।

## शिक्षिका के बंद मकान से रिवॉल्वर समेत लाखों की चोरी

- गहने, कारतूस समेत एक लाख की राशि भी चोरी, केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शिक्षिका के बंद मकान के ताले तोड़कर चोर लाखों के आभूषण, सीआईएसएफ में हवलदार उनके पति की लाइसेंसी रिवाल्वर व 16 कारतूस तथा एक लाख रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। शिक्षिका अपने बच्चों के साथ भाई की शादी में पानीपत गई थी। वापस लौटने पर चोरी का पता लगा। वहीं घटना की सूचना के बाद पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन ने पुलिस से ठोस कार्रवाई करने को कहा है। गांव गामड़ी निवासी सुमन ने बताया कि वह सरकारी स्कूल में शिक्षिका है, और सेक्टर-23 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। उनके पति रमेश कुमार सीआईएसएफ में हवलदार हैं। शिक्षिका ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार रात को उनके भाई की पानीपत में शादी में चली गई। वह वीरवार को शादी से लौटे तो ताले टूटे हुए थे। अलमारी के ताले भी टूटे और सामान बिखरा था।

जांच करने पर पता लगा कि चोर घर के अंदर से सोने की चेन, हार, नथ, दो अंगूठी, टीका, चांद-सूरज, लॉकेट, चांदी के 12 सिक्कों का हार, तागड़ी, पांच जोड़ी पाजेब, 10 चांदी के सिक्के, चांदी की कड़ूली, दो जोड़ी बच्चों की पाजेब, हाथ फूल, चांदी की चेन, चुटकी, दो पेंडल व एक लाख रुपये चोरी मिले।



सोनीपत। शिक्षिका के घर पर पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन।

## डेढ़ माह पहले बनाई सड़क लगी टूटने

- ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री पर उठाए सवाल, विजिलेंस जांच की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

गन्नौर गांव से बड़ी गांव को जाने वाली लाखों रुपएं यह सड़क-जगह जगह से टूटने से उक्त गांववासियों के अलावा सड़क से गुजरने वाले राहगीरों में भारी रोष है। करीब 3 किलो मीटर लंबी सड़क के निर्माण 2. 8 करोड़ रुपएं खर्च किए गए है। रागहीर सुरेन्द्र, सतबीर, महेन्द्र ने बताया कि डेढ़ महीने में ही सड़क निर्माण में लगाई सामग्री इस तरीके से बिखरने लगी है तो गर्मी में सड़क का क्या हाल होगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में लगाई सामग्री की विजिलेंस जांच करवाई जानी चाहिए। इस सड़क के निर्माण की मांग ग्रामीण लंबे समय से करते आ रहे हे। सड़क निर्माण न होने के कारण इस सड़क की हालत इतनी खराब थी कि वाहन चालक सरकार को कोसते रहते है। अब इतने लंबे इंजतार के बाद सड़क का निर्माण हुआ तो लोगों में खुशी थी लेकिन अब सड़क बनते ही टूटने लगी तो लोगों में विभाग के प्रति रोष है। सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि अगर सड़क टूट गई है तो वे कल ही जाकर देखेंगे।



गन्नौर। सड़क टूटने के बाद बिखरी हुई निर्माण सामग्री।

### ऐसी आधुनिक प्रणाली को लागू करने वाला देश का पहला चीनी मिल बना

# गन्ना उत्पादकों के लिए 'मेरी पर्ची-मेरी मर्जी' प्रणाली लागू

- चीनी मिल के एमडी ने किसानों को दी सौगात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

सोनीपत का सहकारिता चीनी मिल देश भर में अनोखी ख्याती पाने वाला मिल बन गया है। मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों को बेहत्तर व आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों की सुविधा के लिए मेरी पर्ची-मेरी मर्जी सॉफ्टवेयर लागू कर दिया है। सिस्टम का शुभारंभ सोनीपत एमडी संजय कुमार द्वारा किया गया। अब किसान अपनी मर्जी के हिसाब से अपने गन्ने के लिए पर्ची ऑनलाइन तरीके से खुद ही बुक कर पाएंगे। प्रणाली लागू होने से गन्ना उत्पादकों को समय की बचत हो पायेगी। वहीं इससे पहले गत शनिवार को मिल प्रशासन द्वारा इसका ट्रायल भी लिया गया था, जोकि पूरी तरह से सफल रहा था।

बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में पेराई सत्र 2023-24 की शुरूआत नवंबर माह में हुई थी। हाल में चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। पेराई सत्र में अब तक 13 लाख 20 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। पिछले 24 घंटे के अंदर 18 हजार 149 क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। चीनी मिल ने किसानों के साथ करीब साढ़े 33 लाख क्विंटल गन्ने का करार किया है। हाल में यार्ड में करीब 3 हजार क्विंटल गन्ना जमा रहा। जबकि अग्रिम टोकन बुकिंग सिस्टम के तहत किसानों ने करीब 2300 क्विंटल की बुकिंग की हुई थी। बरसात की वजह से मिल में पेराई की रफ्तार को भी हल्का धीमा किया गया है।

मिल प्रबंधन की तरफ से मेरी पर्ची-मेरी मर्जी प्रणाली को बृहस्पतिवार से लागू कर दिया है। सॉफ्टवेयर प्रणाली से किसान अपनी मर्जी के हिसाब से पर्ची को बुक कर पाएगा। लागू की प्रणाली के तहत सोनीपत चीनी मिल प्रत्येक दिन गन्ने की पर्चियों का एक लोट ओपन करेगा। जिसके बाद किसान हर रोज सुबह 11 बजे से लेकर 12 बजे तक ऑनलाइन तरीके से अपने लिए गन्ने की पर्ची बुक कर पाएंगे। जो किसान पहले बुक करेगा उसकी पर्ची फाइनल हो जाएगी। केवल लोट के अंदर वैध पर्ची धारक किसानों के मोबाइल पर ही यह सुविधा उपलब्ध होगी। एक किसान एक दिन में कितनी गन्ने की पर्ची बुक कर सकता है। बृहस्पतिवार को पहले दिन सोनीपत चीनी मिल द्वारा द्वारा 20 हजार क्विंटल गन्ने का लोट ओपन किया गया। इसमें से 4 हजार क्विंटल गन्ने की ऑनलाइन पर्ची बुक की गई। बृहस्पतिवार को हुई बरसात के कारण किसानों ने अपने हिसाब से कम पर्ची बुक की। मौसम साफ होने के बाद किसान आसानी से अपनी मर्जी के हिसाब से पर्ची बुक कर अपना गन्ना मिल तक पहुंचा पाएंगे।



सोनीपत। मेरी पर्ची-मेरी मर्जी प्रणाली की शुरुआत करते चीनी मिल के एमडी संजय कुमार व अन्य।

### किसानों के हित में उठाए गए कदम

सोनीपत चीनी मिल ने एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है, जिसके अंतर्गत किसान अपनी गन्ने की पर्ची अपनी मर्जी से ऑनलाइन तरीके से बुक कर सकता है। गत शनिवार को इस सॉफ्टवेयर का ट्रायल सफल रहा था। आज इसे लागू कर दिया गया है। इससे किसानों को काफी फायदा पहुंचेगा। गन्ना उत्पादकों के लिए समय-समय पर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।
- **राकेश**, प्रोग्रामर, सोनीपत चीनी मिल।

### हाइटेक होता जा रहा सोनीपत चीनी मिल

सोनीपत चीनी मिल लगातार हाईटेक होता जा रहा है। चंद दिनों पहले मिल प्रशासन द्वारा अग्रिम टोकन बुकिंग सिस्टम लागू किया था, जिसके बाद से यार्ड में जाम लगने की समस्या का समाधान हो गया है। वहीं आज मेरी पर्ची-मेरी मर्जी प्रणाली का शुभारंभ किया गया है। इससे किसान अपनी मर्जी से अपने हिसाब से पर्ची बुक कर पाएगा। यह सिस्टम लागू होने के बाद किसानों को काफी फायदा पहुंचेगा।
- **संजय कुमार**, एमडी सोनीपत चीनी मिल।

## चोरी के आरोपी काबू, दो रिमांड पर व नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा

- आरोपियों से चोरी की प्लेट व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

एंटी ब्रगलरी स्टाफ सोनीपत की पुलिस टीम ने चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित मिश्रा निवासी उत्तर प्रदेश, अमित उर्फ छोटू निवासी उत्तर प्रदेश, व विक्की निवासी जौली का है। वहीं वारदात में शामिल नाबालिग भी है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत नाबालिग को बाल सुधारगृह में भेजा दिया। वहीं अन्य आरोपितों को रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

भिवाड़ी राजस्थान हाल में सैटरिंग ठेकेदार निर्माणाधीन कंपनी निवासी ने बताया कि गत 21 जनवरी को साइट से किसी ने 165 प्लेटें गायब मिली। वही 27 जनवरी को कर्मचारी रामचंद्र ने बताया कि पीछे रखी सेटरिंग में सिफ 14 प्लेट रखी थी। वह भी किसी ने चोरी कर ली। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी राजेश कुमार की टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से चोरी की प्लेट व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी को बरामद किया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से आरोपित रोहित व अमित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं आरोपित विक्की को रिमांड पर लिया है। वारदात में शामिल नाबालिग को अदालत ने बाल सुधारगृह में भेज दिया।



एडवाइस / शिखर चंद जैन


कुछ बच्चे एग्जाम के दिनों में बहुत ज्यादा स्ट्रेस में आ जाते हैं। वे एग्जाम प्रिपरेशन को लेकर घबराए रहते हैं। अगर तुम्हारे साथ भी ऐसा है तो हम तुम्हें एग्जाम की प्रिपरेशन के लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं। इन्हें अमल में लाकर तुम जब प्रिपरेशन करोगे, तुम्हें कोई स्ट्रेस नहीं होगा, तुम बहुत आसानी से अपने एग्जाम की प्रिपरेशन कर सकोगे।



# जब ऐसे करोगे प्रिपरेशन नहीं रहेगी एग्जाम की टेंशन

बच्चों, एनुअल एग्जाम शुरू होने वाले हैं। शायद तुम्हें घबराहट हो रही होगी। लेकिन जब तुम कुछ बातों को ध्यान में रखोगे, डिसिप्लिन के साथ अपना डेली रूटीन अपनाओगे तो तुम्हें कोई टेंशन नहीं होगी। जानो, एग्जाम की सही ढंग से प्रिपरेशन कैसे हो?

**रोज का बनाओ टाइम टेबल:** बच्चों, आज का काम कल पर टालना और तैयारी का सारा बोझ अंतिम समय पर डालना, ये दोनों बहुत बड़ी




गलतियां हैं। ऐसा कभी मत करो। अभी से रोज सुबह, दोपहर और शाम का टाइम टेबल बनाकर अपने सभी विषयों की पढ़ाई करो। जिस विषय में तुम कमजोर हो, उसे ज्यादा समय दो। इसी तरह जिनमें ठीक-ठाक तैयारी हो, उन्हें थोड़ा-सा कम समय देने से भी काम चलेगा। रोज पढ़ाई करने से फायदा यह होगा कि तुम्हें अपना सिलेबस बोझ नहीं लगेगा। तुम्हारे पास जब पर्याप्त समय रहेगा तो तुम सभी विषयों की तैयारी अच्छी कर सकोगे।

**सभी पाठ्य सामग्री साथ रखकर पढ़ाई करो:** हड़बड़ी में हमेशा गड़बड़ी होती है। इसलिए तुम्हें पूरी तरह व्यवस्थित, शांत और संयत रहना चाहिए। अपने पढ़ने की एक जगह फिक्स कर लो। जब भी पढ़ने बैठो, विषय से संबंधित सारी किताबें, कॉपियां, पेन, पेंसिल, रेफरेंस बुक्स आदि साथ में लेकर बैठो ताकि तुम्हें बार-बार उठना ना पड़े। बार-बार बीच में किताबें या कॉपियां ढूंढ़ने से पढ़ाई का तारतम्य और एकाग्रता टूटती है। साथ ही समय नष्ट होता है। ऐसे में कई बार पढ़ने का मन भी नहीं करता है।

**लिखकर याद करो:** कई बार किसी टॉपिक को पढ़ने के बाद हमें यही लगता है कि वो हमें याद हो गया, लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है। सिर्फ पढ़ लेने से विषय को लंबे समय तक याद रखना संभव नहीं है। बेहतर यही होगा कि जो तुम पढ़ते हो, उसे एक-दो दिन बाद अपनी कॉपी में लिखने की आदत डालो। इससे तीन फायदे हैं। पहला फायदा, सब्जेक्ट का रिवीजन हो जाएगा। दूसरा फायदा, तुम्हारे अलग नोट्स तैयार हो जाएंगे, जो किताबी भाषा से अलग होंगे। तीसरा फायदा, पढ़ते समय तुम सब्जेक्ट को रटने की बजाय समझने की कोशिश करो, क्योंकि तुम्हें एग्जाम में लिखना होगा।



**स्टिकी नोट्स की भी हेल्प लो:** कुछ ऐसे सब्जेक्ट और इनसे जुड़ी बातें ऐसी होती हैं, जिन्हें बच्चे बार-बार भूल जाते हैं। जैसे किसी के लिए इतिहास में लिखे महत्वपूर्ण साल और तारीखें याद करना मुश्किल हो जाता है, तो किसी के लिए भूगोल में भौगोलिक स्थानों की ऊंचाई वगैरह, जबकि कुछ विद्यार्थियों के लिए मैथ के फार्मूले याद करना मुश्किल होता है। ऐसे में स्टिकी नोट्स बनाकर अपनी स्टडी टेबल की सामने वाली दीवार या बेडरूम के साइड की दीवार पर एक जगह चिपका दो। दिन में कई बार इन पर नजर पड़ेगी, तो तुम्हें इन्हें याद रखने में आसानी रहेगी।

**पेपर सॉल्व करने की प्रैक्टिस करो:** कई बच्चे ऐसे होते हैं, जिन्हें पूरे क्वेश्चन पेपर के उत्तर मालूम होते हैं, लेकिन एग्जाम हॉल में उत्तर लिखते समय कुछ सवालों पर ज्यादा समय दे देते हैं। इससे कुछ प्रश्नों के उत्तर आते हुए भी छूट जाते हैं। ऐसे में एग्जाम हॉल में टाइम मैनेजमेंट के लिए घर पर ही पूरी तैयारी करो। अपने सामने घड़ी रखकर पिछले साल के पेपर सॉल्व करो। इससे तुम्हारी प्रैक्टिस हो जाएगी और लिखने की गति को समय के साथ मिलान करने की आदत भी पड़ जाएगी। *

### कॉमिक स्ट्रिप भी एक अच्छा ऑप्शन



अगर तुम क्रिएटिव नेचर के हो, अकसर अपनी पेंसिल से ड्रॉइंग वगैरह करते रहते हो, तो अपनी इस कला का इस्तेमाल एग्जाम की तैयारी में कर सकते हो। तुमने दिनभर में जो-जो पढ़ा है, शाम को उसकी मुख्य बातों को कॉमिक स्ट्रिप की तरह बनाओ। इससे रिवीजन होने के साथ-साथ तुम्हें मुख्य बिंदु याद रहेंगे। इनका इस्तेमाल तुम एग्जाम हॉल में जाने से पूर्व अंतिम समय में उत्तर याद करने के लिए कर सकते हो। *

क्या तुम जानते हो / नयनतारा

# सर्दी में भी हरा-भरा क्यों रहता है देवदार का पेड़

बच्चों, तुमने पाइन यानी देवदार का पेड़ देखा होगा। यह पेड़ गर्मी के दिनों में ही नहीं, सर्दी के मौसम में भी हरा-भरा रहता है। सर्दी में जहां दूसरे पेड़ों की पत्तियां पीली होकर गिर जाती हैं, वहीं देवदार के पेड़ की पत्तियां हरी-भरी ही रहती हैं। ऐसा क्यों होता है, तुम जानना चाहोगे। बच्चों, यह जानने के लिए पहले तुम्हें पेड़ों में पत्तियों की भूमिका को समझना होगा। पेड़ों पर पत्तों के अनेक काम होते हैं। इनमें से पहला काम है, पेड़ों के लिए भोजन बनाना। पत्ते हवा से कार्बन डाइऑक्साइड गैस लेते हैं, जबकि मिट्टी से पानी और खनिज। पत्तों की क्लोरोफिल सूरज से ऊर्जा लेती है, फिर कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को शुगर में बदल देती है। पत्तों में जो शुगर बनती है, वह पेड़ का बुनियादी फूड होती है।

बच्चों, पत्ते तो बहुत अधिक पानी लेते हैं। लेकिन पानी का बहुत छोटा हिस्सा ही फूड बनाने के काम में आता है। पत्तों की सतह पर जो लाखों छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, उनमें से अधिकतर पानी भाप बनकर उड़ जाता है। जाड़ों में पेड़ों को जमीन से मिलने वाली वाटर सप्लाई बहुत कम हो जाती है। इसलिए इस सीजन में अधिकांश पेड़ अपने पत्ते गिराकर खुद को 'लॉक अप' कर लेते हैं ताकि पत्तों के जरिए वह अपना पानी ना खोएं।



बच्चों, कुछ पेड़ों में अलग प्रकार की पत्तियां होती हैं। इनमें देवदार भी शामिल है। इसकी पतली और सुईं जैसी पत्तियां होती हैं, जिन पर मोटी मोम जैसी परत होती है। इसलिए देवदार के पेड़ पर पत्तियां अनेक वर्षों तक लगी रहती हैं। जब इसकी पत्तियां गिरती हैं तो कुछ समय में ही नई पत्तियां निकल आती हैं। इस तरह देवदार पेड़ की शाखें कभी भी बिना पत्तों के नहीं होती हैं। *

### बूझो तो जानें



1
सर्दी में वह तन को भाए,
खूब मजे से हमें सुलाए।
र और जाई से मिलकर बनती
बोलो वो क्या कहलाए।।

2
हल्की सर्दी में तन को भाए,
यात्रा में भी काम यह आए।
लो और ई में छिपा है राज,
जल्दी बताओ बच्चों मेरा नाम।।

3
आधी बांह का, पूरी का भी,
तन पर पहनें सब सर्दी में।
बच्चे हों, जवान या बूढ़े,
मिलता यह अनेक रंगों में।।

4
सब कपड़ों के ऊपर पहनें,
सर्दी के मौसम में आता काम।
वकील मुझे हर ऋतु में पहनें,
बोलो क्या है मेरा नाम।।

-राकेश चक्र



उत्तर: 1-रजाई, 2-शॉल, 3-स्वेटर, 4-कोट

### जीके क्विज-90

1. हाल में किस फिल्म एक्ट्रेस को पद्म विभूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई?
2. एक घंटे में पृथ्वी कितने देशांतर घूमती है?
3. भारत का सबसे लंबे हाईवे का क्या नंबर है?
4. सबसे बड़ा अंडा किस पक्षी का होता है?
5. दुनिया का सबसे बड़ा फल कौन सा है?
6. वर्ल्ड हिप्पो-डे कब मनाया जाता है?
7. विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
8. हाल में किसने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली?
9. भारत का प्रथम नागरिक कौन होता है?
10. टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-90 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-89 का उत्तर :** 1-फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, 2-बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, 3-इरविन एंफीथिएटर (अब मेजर ध्यानचंद स्टेडियम), 4-दो वर्ष 11 माह 18 दिन, 5-सन् 1999, 6-परमवीर चक्र, 7-23 जनवरी, 8-चंडीगढ़, 9-पंजाब, 10-केरल

**जीके क्विज-89 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, चेतन-बालोद, गौरव-रोहतक, सुरेश-बिलासपुर, कविता-भोपाल, मंजू-दिल्ली, नरेंद्र-रायपुर

### हंसगुल्ले

**टीचर-** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित-** मैडम, मैं नहीं जानता।
**टीचर-**बिल्कुल सही जवाब।
रोहित मन ही मन बहुत खुश हुआ। **-मुकेश, भोपाल**

**गोलू-** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**गप्पा-** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
**-अभिषेक, रायपुर**


**सोनू-** पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
**पापा-** चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
**सोनू-** लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
**-खुशी, महेंद्रगढ़**



कहानी
संतोष उत्सुक

आभास को लगता था कि देवी मां से प्रार्थना करने से उसे परीक्षा में अच्छे अंक मिल जाएंगे। एक रात उसे देवी मां ने सपने में दर्शन दिए और बताया कि वास्तव में असली पूजा और प्रार्थना क्या है? जीवन में सफलता सिर्फ पूजा करके नहीं पाई जा सकती। देवी मां ने यह भी बताया सफलता कैसे पाई जा सकती है?

# असली पूजा



आभास अपनी दादी मां के साथ नियमित मंदिर जाया करता है। मंदिर उसके घर के पास ही है। आभास सुबह-सुबह नहा लेता है। दादी मां के साथ मंदिर जाता है। इसके बाद वह स्कूल जाता है।

एक दिन आभास ने दादी मां से पूछा, 'हम मंदिर क्यों जाते हैं?'

'बेटा, मंदिर जाकर हम पूजा और प्रार्थना करते हैं कि देवी मां आप हमारे पढ़ाई, स्वस्थ रहने के प्रयासों में सफलता का आशीर्वाद दें।' दादी ने बताया। आभास को अब यही लगने लगा कि मंदिर जाकर पूजा-प्रार्थना करने से देवी मां उससे प्रसन्न होकर सफलता का आशीर्वाद देंगी, उसे परीक्षा में ज्यादा अंक मिलेंगे। आभास की मम्मी एक स्कूल में अध्यापिका थीं। वह उसे अकसर ही समझातीं, 'बेटा, मंदिर जाकर देवी मां से प्रार्थना करना अच्छी बात है, लेकिन इसके साथ-साथ मन लगाकर पढ़ाई करना भी जरूरी है।'

आभास मम्मी की बात सुनकर थोड़ा दुविधा में रहता। परीक्षा से कुछ दिन पहले आभास अपनी दादी मां, मम्मी-पापा और छोटी बहन अनुभूति के साथ देवी मां की पूजा करने मंदिर गया।

मंदिर परिसर में बहुत लंबी लाइन लगी हुई है। उसने देखा उसके सहपाठी भी अपने मम्मी-पापा के साथ आए हुए हैं। अपना नंबर आने पर देवी मां की प्रतिमा के सामने आकर उसने हाथ जोड़कर, आंखें बंद कर, पूरे मन से प्रार्थना की, 'देवी मां, आप अपना आशीर्वाद दें कि परीक्षा में मुझे अच्छे अंक मिलें।'

रात को आभास की मम्मी ने स्वादिष्ट पकवान बनाए। सभी ने साथ बैठकर खाया। सोते समय आभास के दिमाग में कहीं यह बात थी कि वह बचपन से अपनी दादी के साथ देवी मां के मंदिर जा रहा है। जरूर वह उससे प्रसन्न होकर परीक्षा में ज्यादा अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद देंगी।

यह क्या! रात में उसके सामने मुस्कुराती देवी मां प्रकट हुईं और बोलीं, 'बेटा, तुम बचपन से मंदिर में आकर मेरी पूजा करते रहे हो। उससे मैं बहुत प्रसन्न हूं। तुम्हें पढ़ाई में सफलता और हमेशा स्वस्थ रहने का आशीर्वाद देती हूं। लेकिन इन दोनों के लिए तुम्हें स्वयं भी कोशिश करनी होगी। जीवन में मेहनत बहुत जरूरी है, क्योंकि तुम्हारा निरंतर मेहनत करना ही मेरी असली पूजा है। तुम एक विद्यार्थी हो, मेहनत और लगन से पढ़ना ही तुम्हारा पहला कर्तव्य है। तुम्हें रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। मन लगाकर खूब पढ़ना चाहिए, साथ में व्यायाम भी करना चाहिए। मैं तुम्हारी मेहनत और लगन को अपनी पूजा के रूप में स्वीकार करूंगी और हमेशा सफलता का आशीर्वाद देती रहूंगी।'

सुबह जब एकाएक आभास की आंखें खुलीं तो समझ में आ गया कि सपने में देवी मां ने उसे दर्शन दिए हैं। उसने अपना सपना दादी मां और मम्मी को बताया। दादी मां भी बोलीं, 'बेटा, भगवान उसकी सहायता करते हैं, जो अपनी सहायता आप करते हैं। देवी मां ने तुम्हें मेहनत करने की प्रेरणा और आशीर्वाद दिया है, क्योंकि मेहनत ही असली पूजा है।'

आभास के मन में अब कोई दुविधा नहीं थी। उसे समझ आ गया था कि मेहनत ही असली पूजा है। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

# धूप सुहानी



धूप सुहानी आई भैया,
राहत कितनी लाई भैया।
सुबह-सवेरे सर्दी में नित,
सबके मन को भाई भैया।
रवि की बेटी बड़ी सयानी,
बन किरणें धरती पर आती।
छू कर इसका सुनहरा रूप,
शबनम पल में छू हो जाती।
चुपके-चुपके मिल कलियों से,
खिलना उनको है सिखलाती।
उड़ते पंछी नील गगन में,
हौले-हौले उनसे बतियाती।
देख फसल क्यारी-क्यारी में,
मंद-मंद नित ये मुस्काती।
फेरे दिन भर लगा धरा के,
देख-देख सबको इठलाती।
ज्यों बढ़ती जाए शीत लहर,
ये कितनी इतराई भैया।
डाल-डाल, पात-पात पर नित,
दे रंगत खूब दिखाई भैया।

अजब-गजब / अंजू जैन

# आधे कटे संतरे जैसी आकृति वाली बिल्डिंग





बच्चों, तुम्हें संतरा फल जरूर भाता होगा। अगर तुम्हें संतरे के आकार वाली बिल्डिंग दिख जाए तो जरूर चौंकोगे। संतरे के आकार वाली ऐसी बिल्डिंग यूएस के फ्लोरिडा राज्य के किसिम्मी शहर में स्थित है। यह बिल्डिंग आधे कटे संतरे के आकार जैसी दिखती है। इस बिल्डिंग का नाम ऑरेंज वर्ल्ड है। यह एक दुकान की बिल्डिंग है, जिसमें संतरे के स्वाद वाली टॉफियां, चॉकलेट्स, जेली, जूस, संतरे के आकार वाले गिफ्ट आइटम और स्मृति चिन्ह भी बिकते हैं। ऑरेंज वर्ल्ड बिल्डिंग को दूर से देखने पर ऐसा लगता है, जैसे जमीन पर आधा कटा संतरा रखा हो। *


### रंग भरो-143

**रंग भरो-143** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




गरिमा, भिलाई


भावना, बिलासपुर


साक्षी, भिवानी


अमरीन, रायपुर


प्रभात, बिलासपुर


अकृत, झज्जर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

होशिका-बालोद, अवनी-रायपुर, सौम्या-दुर्ग, पूनम-बिलासपुर, पीयूष-भिलाई, पलक-धमतरी, लक्ष्य-रायपुर, रौनक-जांजगीर-चांपा, भावना-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, अमित-बिलासपुर, दिनेश-दिल्ली, यश-भोपाल, राकेश-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर


### रंग भरो 144



बच्चों, यहां पर एग्जाम की तैयारी से जुड़ा एक चित्र दिया गया है, जिसमें दो बच्चियां साथ में स्टडी कर रही हैं। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

### अंग्रेजी शब्द-जाल

बच्चों, नीचे दिए गए इस अंग्रेजी शब्द-वर्ग जाल में पढ़ाई से जुड़े 11 शब्द छिपे हैं। जल्दी से इन्हें खोजकर बताओ।



उत्तर: 1-pencil, 2-notebook, 3-textbook, 4-highlighter, 5-scissors, 6-triangle, 7-globe, 8-compass, 9-backpack, 10-paintbrush, 11-ruler

## खबर संक्षेप

### हरियाणा की सैन्य विरासत पर चित्र प्रदर्शनी छह से

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय आगामी छह फरवरी से हरियाणा की सैन्य विरासत पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से कालेज के इतिहास और रक्षा अध्ययन विभागों के तत्वाधान में पूर्व विद्यार्थी संगठन के सहयोग से आयोजित की जाएगी।

### सचखंड में 11 से वार्षिक दीवान

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित गुरुद्वारा सचखंड साहिब सत्संग भवन में 117वां वार्षिक दीवान धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुद्वारा प्रधान डॉ. एसएल अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाबा जतिंद्र पाल सिंह सोढ़ी के आशीर्वाद से यह आयोजन 11 फरवरी को शुरू होगा। पहले दिन पहले दिन अखंड पाठ शुरू होगा। फिर 12 को कीर्तन-समागम होगा। इसके बाद 13 फरवरी को अखंड पाठ का भोग लगाया जाएगा। फिर अरदास समाप्ति के साथ लंगर आरंभ होगा।

### फंदा लगाने से प्रवासी युवक की मौत

बहादुरगढ़। शहर में एक प्रवासी युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा मानसिक परेशानी से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है।
मृतक की पहचान करीब 21 वर्षीय शिवम के रूप में हुई है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। यहां फ्रेंड्स कॉलोनी में रहता था। सेक्टर-17 स्थित एक कंपनी में काम करता था।

### गांव कोट के पास मिला बुजुर्ग का शव

**झज्जर।** गांव कोट बाजितपुर बस अड्डे के नजदीक एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान साउथ-वेस्ट दिल्ली के मलिकपुर निवासी करीब 79 वर्षीय जगराम पुत्र छोटूराम के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकार रवि कुमार ने बताया कि उन्हें बुधवार की दोपहर बाद पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112 से बस स्टैंड के नजदीक किसी व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया।

## टेंडर के 23 दिन बाद भी समिति ने नहीं किया काम शुरू

# हर महीने 40 हजार रुपये खर्च के बावजूद पार्क अनदेखी का शिकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

### लहरी सिंह पार्क शहर का प्रमुख पार्क





गन्नौर। पार्क में पौधे लगाने की जगह पड़ा पड़ी इंर्ट व टूटे पड़े झूले व पार्क में लगा गंदगी का ढेर। फोटो :हरिभूमि



लहरी सिंह पार्क के रखरखाव के लिए नगरपालिका द्वारा प्रतिमाह 40 हजार रुपए के करीब खर्च करने के बावजूद पार्क बिना देखरेख के अपनी बदहाली पर आंसु बहा रहा है। अब नगरपालिका ने पिछल्ले ठेकेदार का समय पूरा होने के बाद अब 10 जनवरी को शिव कैलाश सेवा समिति को टेंडर दिया है लेकिन 10 जनवरी से अब तक उक्त समिति ने भी पार्क में कोई भी काम नही किया है। वहीं नगरपालिका के एमई जयदेव ने नम्बर माह में आते ही पिछल्ली समिति की पैमेंट पर रोक लगा दी थी। जब कि पिछल्ले महीनों की पैमेंट को अधिकारी उस दौरान करते रहे जब पार्क में लगे पेड़ों व अन्य पौधों की कटाई तक नही हुई। पार्क को देख ऐसा लगता है कि लंबे समय से पार्क की देखरेख नही हुई है। लहरी सिंह पार्क शहर का प्रमुख पार्क है। नगर पालिका की अनदेखी से यहां सफाई और माली का उचित प्रबंध नहीं हो सका है। पार्क में ओपन जिम है। पेड़-पौधों की सेहत खराब हो रही है। घास भी बिना पानी व देखरेख के खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। पार्क में सैर करने करने के लिए बनाए गई रास्ते में मिट्टी डली हुई है। पार्क में जगह-जगह इंर्ट पड़ी हुई है। जब कि सुबह-शाम हर उम्र के लोग यहां स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। देर रात तक आसपास के लोग सैर करते हैं। हालाकि पार्क की देखरेख पर नगरपालिका की तरफ से दिसंबर को छोड़कर लगातार पैमेंट होती रही है। पार्क में घुमने आए लोगों ने बताया कि माली के अभाव में पौधों की सिचाई, कटाई व छंटाई नहीं हो पा रही है। घास पानी के अभाव में सूख रही है। बच्चे यहां क्रिकेट खेलते हैं। पार्क की नियमित सफाई नहीं होती है। पार्क की देखरेख न होने का मामले में नाम न छापने पर बताया कि ठेका लेने वाली संस्था के ठेकेदार के साथ मिलकर नगरपालिका का एक पार्षद ही अपने प्रभाव का प्रयोग कर ठेका लेता है ताकि वह अंडरग्राऊंड होकर अपने प्रभाव का प्रयोग कर काम करता रहे। वह राजनीतिक आशीर्वाद प्राप्त भी बताया गया। अब भी उसी ने ही लिया है। अधिकारी भी पार्क संबधित मामले में उसे ही बात करते है।

### शिव कैलाश संस्था को टेंडर दिया

नगरपालिका के एमई जगदेव ने बताया कि अब लहरी सिंह पार्क की देखरेख के लिए अब शिव कैलाश संस्था को टैंडर दिया है। पार्क की देखरेख न होने का मामला संज्ञान में आते ही ठेकेदार को कल ही पार्क के निरीक्षण के लिए बोल दिया है। अब पार्क की देखरेख पर प्रतिमाह 42126 रुपए देखरेख पर खर्च होंगे। पिछल्ले ठेकेदार की पैमेंट का उन्होंने आते ही रोक दिया था। वे नम्बर में तबादला होकर आए थे।



गोहाना। पौधे वितरित करते राष्ट्रहित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम गौड़।

## आदर्श रसोई के संस्थापक की जयंती पर वितरित किए पौधे

- स्व. राकेश भारद्वाज ने देश के विभिन्न प्रदेशों में स्थापित की आदर्श रसोइयां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

देश के विभिन्न प्रदेशों में आदर्श रसोई के संस्थापक स्व. राकेश भारद्वाज की 63वीं जयंती पर गुरुवार को राष्ट्रहित मंच द्वारा भंडारा लगाया गया तथा जयंती की संख्या के अनुरूप 63 पौधों का वितरण किया गया। राष्ट्रहित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम गौड़ ने कहा कि स्व. राकेश भारद्वाज ने दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में आदर्श रसोई की संस्थापना की। भारद्वाज चाहते थे कि कोई भी भूखा न रहे। उन द्वारा प्रारंभ आदर्श रसोई में बड़ी संख्या में भूखे पेटों को भरपेट भोजन मिलता है। गौड़ ने घोषणा की कि सोनीपत जिले में भी शीघ्र आदर्श रसोई की स्थापना की जाएगी। विशेष सहयोग महावीर शर्मा, श्रीभगवान, सत्य ठाकुर, मोनू गामड़ी, रवींद्र सैनी, जगदीश चहल, पारस आदि रहे।

### बजट में इनकम टैक्स की दरों में कोई फेरबदल नही, आमजन को सुविधा: जैन



सीए पीयूष जैन

गन्नौर। बजट सर्व साधारण को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। आमजन की सुविधा को देखते हुए, इनकम टैक्स की दरों में कोई फेरबदल नहीं किया। कुछ बहुत पुराने टैक्स मामले वापस लिए जाएंगे। जिससे 1 करोड़ टैक्सपेयर्स को फायदा होगा। इसके अलावा भी कई एसे प्रावधान किए गए हैं कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और भारत और विकसित होगा।

## भाजपा कार्यकर्ता पार्टी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें: आजाद नेहरा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**



पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेते विधानसभा प्रभारी आजाद नेहरा।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने खरखौदा विधान सभा प्रभारी के नाते मंडल अध्यक्षों के साथ स्थानीय विश्राम गृह में बैठक की और आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की। विशेष तौर पर चलो गाँव की ओर तथा 6 फरवरी को गोहाना मे होने वाले प्रदेश अध्यक्ष सांसद नायब सिंह सैनी के अभिनंदन समारोह के बारे में चर्चा की गई। कार्यकताअरं व पदाधिकारी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रस्तावित कार्यक्रमों में खरखौदा विधानसभा से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। इस अवसर पर एससी/बीसी वित्त निगम के निदेशक रवींद्र दिलावर, जिला सह संयोजक चलो गांव की ओर नरेंद्र सिंह जांगड़ा, रोहट मंडल के अध्यक्ष सितेंद्र दहिया, फरमाणा मण्डल अध्यक्ष दिनेश कुमार, खरखौदा विधानसभा विस्तारक आज्ञाराम, सुनील पांचाल आदि मौजूद रहे।

### युवक का दो-पहिया वाहन चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत में कोचिंग के लिए आए युवक का दो-पहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव गढ़ शाहजाहनपुर निवासी निशांत ने बताया कि वह सेक्टर-14 में कोचिंग लेता है। गत 30 जनवरी को अपने दो-पहिया वाहन पर सवार होकर कोचिंग के लिए आया था। करीब एक बजे मोटरसाइकिल को हुड्डा पार्क के सामने खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद वापिस आया तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शिशुवाटिका प्रशिक्षण का शुभारंभ

- विद्यार्थियों को संस्कारों से भी जोड़ेगी नई शिक्षा नीति : चेतराम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**



गोहाना। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को गुढ़ा रोड स्थित स्थानीय गीता विद्या मंदिर में चार दिवसीय प्रांत स्तरीय शिशुवाटिका प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 से 4 फरवरी तक आयोजित होगा जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं को नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षण संबंधी जरूरी टिप्स दिए जाएंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास शिक्षा समिति के महामंत्री चेतराम व हरियाणा शैक्षिक प्रमुख शेषपाल रहे। महामंत्री चेतराम ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को संस्कारों से भी जोड़ने का काम करेगी। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ कर स्वतः अनुशासित करने के गुण विकसित कर उनकी सोच को रचनात्मक स्वरूप प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष परमानंद लोहिया ने की। प्राचार्य अश्विनी कुमार के अनुसार इस कार्यक्रम में 85 शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिभागिता करेंगे। कार्यक्रम के लिए संयोजन विद्यालय की आचार्य सुनीता वर्मा एवं सह प्रमुख कविता का रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भगत सिंह सदन प्रथम

- छिड़ाना गांव के राजकीय वमावि में अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
- द्वितीय स्थान पर अब्दुल कलाम आजाद टीम रही

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

गुरुवार को कथूरा शैक्षणिक खंड के छिछड़ाना गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता की विजेता शहीद भगत सिंह सदन की टीम बनी। उसने 75 अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर 45 अंक के साथ अब्दुल कलाम सदन की टीम रही। क्विज मास्टर संस्कृत प्रवक्ता सत नारायण वशिष्ठ रहे। प्रश्नोत्तरी में भगत सिंह सदन, सुभाष चंद्र बोस सदन, अब्दुल कलाम आजाद सदन और लक्ष्मी बाई सदन की टीमों ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर रही शहीद भगत सिंह सदन की टीम आशिका, अर्चना, आयुष और अभिषेक पर आधारित थी। द्वितीय स्थान पर रही अब्दुल कलाम आजाद टीम में रितु, नैंसी, दीपांशी और अनुष्का थे। प्रतियोगिता के आयोजन में विशेष सहयोग शिक्षक शील कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, राम किशन, संजय, सपना, आशा, सविता, सीमा आदि का रहा।

### इंस्पेक्टर तरुण दहिया का बिधलान में अंतिम संस्कार

**खरखौदा।** बिधलान गांव निवासी एवं इंस्पेक्टर तरुण कुमार दहिया की 31 जनवरी बुधवार को उस समय अचानक तबीयत खराब हो गई, जब वह अपने रिश्तेदार के घर बजघेडा गया हुआ था। रात करीब आठ बजे उन्हें पार्क हॉस्पिटल एच -ब्लॉक पालम विहार गुरुग्राम में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर तरुण कुमार दहिया की उम्र करीब 44 वर्ष थी। जिनका एक लड़का 12 वीं कक्षा में पढ़ता है। तरुण कुमार का छोटा भाई अरुण पानीपत में रहता है। उनके माता-पिता भी उन्हीं के साथ रहते हैं। दिवंगत इंस्पेक्टर तरुण दहिया का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बिधलान में किया गया। उनका परिवार पिछले काफी समय से डीएलएफ गुरुग्राम में रहता है। नूंह जिले में दंगों के समय इंस्पेक्टर तरुण दहिया वहां बतौर एसएचओ अपनी सेवाएं दे चुके हैं और सीआईए में भी सेवारत रह चुके हैं।

## भगवान श्रीराम सभी के आदर्श: देवेंद्र शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**



भारतीय कुश्ती संघ के सह सचिव एवं समाजसेवी देवेंद्र शर्मा मदीना ने कहा कि भगवान श्रीराम हम सब के आदर्श हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण पूरे भारत ही नहीं वरना पूरे विश्व में एक ऐतिहासिक गाथा है।

देवेंद्र शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम मयार्दापुरुषोतम थे। उनका जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत है। गंभीर और सौम्य स्वभाव के प्रभु श्रीराम ने विपरित परिस्थितियों में भी अपना धैर्य नहीं खोया। हर विकट परिस्थिति में संयम एवं दृढ़ता बनाए रखना ही उनका स्वभाव रहा। भगवान श्रीराम के जीवन से हम सब को मयार्दा में रहने के साथ कठिन से कठिन परिस्थिति को भी अपने ऊपर हावी न होने देने की प्रेरणा मिलती है। समाजसेवी देवेंद्र शर्मा ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हर देशवासी के लिए हर्ष का विषय है। यह मंदिर भी हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान करेगा।

## आक्रोश रैली का दिया निमंत्रण

- सर्व कर्मचारी संघ की टीम ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों का दौरा किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

गुरुवार को सर्व कर्मचारी संघ की टीम ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों का दौरा किया तथा 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली राज्यस्तरीय आक्रोश रैली का न्योता दिया।

कार्यालयों में जाने वाली टीम का नेतृत्व ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के प्रदेश सचिव प्रभु दयाल ने किया। उनके साथ टीम में सर्व कर्मचारी संघ की गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव के साथ जितेंद्र शर्मा, सतीश कुमार, जोगेंद्र नरवाल, राजेश बुटाना, प्रदीप कुमार और वीरेंद्र चोपड़ा थे। प्रदेश सचिव प्रभु दयाल ने कहा कि रोहतक की आक्रोश रैली कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन नीति बहाल करवाने], कौशल रोजगार निगम को भंग करवाने, एक्स ग्रेशिया पॉलिसी को बहाल करवाने जैसी लंबे समय से बकाया मांगों को पूरा करवाने के लिए होगी।

### रोहतक में चार को कर्मचारी रैली होगी रिकॉर्डतोड़

**गोहाना।** मिनिस्ट्रीयल स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन (डब्ल्यूसीडी) हरियाणा द्वारा ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाने को लेकर विचारविमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीन मोर ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। सरकार रेगुलाइजेश की नीति, पुरानी पेंशन बहाली, कौशल रोजगार निगम को समाप्त करना, वर्तमान कर्मचारियों को पक्के करना, लाखों खाली पड़े पदों को भरना, लिपिकों का वेतन 35400 करना, न्यूनतम वेतनमान 26000 करना, विभागों के निजीकरण पर रोक, ग्रुप डी कर्मचारियों का कॉमन कैडर रद्द कर मूल विभागों में नियमानुसार पदोनन्ति व अन्य लंबित मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी को रोहतक में आयोजित होने वाली कर्मचारी रैली रिकॉर्डतोड़ होगी। रैली में अहम फैसले लिए जाएंगे। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश दलाल ने किया। इस अवसर पर नरेश कुमार, जितेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, गीता रानी, ओम प्रकाश और रिंकू सैनी सहित विभिन्न जिलों से एसोसिशन के कर्मचारी शामिल हुए।

**संस्कृत प्रश्नोतरी आयोजित, विजेता सम्मानित:** सोनीपत। रतनगढ़ माजरा स्थित सर छोटूराम मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को संस्कृत प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छठी, सातवी, आठवीं तीन कक्षाएं शामिल हुई। प्रत्येक कक्षा से 2 टीम प्रतियोगिता रही। सभी कक्षाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### पदक विजेता का प्रताप स्कूल में किया भव्य स्वागत

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में निखलेश ने जीता रजत पदक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**



खरखौदा। पदक विजेता निखलेश का स्वागत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन।



खरखौदा। विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक भ्रमण करते शिक्षक।

चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रताप स्कूल खरखौदा के निखलेश ने शॉट पुट में रजत पदक जीतकर प्रदेश व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर निखलेश का द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओमप्रकाश दहिया, प्रिंसिपल दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर सुबोध दहिया, एथलेटिक्स कोच प्रवीण, प्रवेश, हर्ष व निखलेश के पिता देवेन्द्र दहिया ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि निखलेश इससे पहले भी 5 बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुका है। निखलेश सीबीएसई नेशनल खेलों का रिकॉर्ड होल्डर भी है। निखलेश के पिता देवेन्द्र दहिया ने बताया कि निखलेश ने प्रताप स्कूल से दसवीं कक्षा मैरिट के साथ उत्तीर्ण की है व कक्षा 11वीं में भी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। मेधावी विद्यार्थी होने के साथ निखलेश एथलेटिक्स में 5 बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुका है। निखलेश ने सफलता का श्रेय अपने पिता, दादा, कोच सूबेदार रमेश, प्रवीण व विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया है।

### विद्यार्थियों ने किया गुरुकुल मटिंडू का शैक्षणिक भ्रमण

**खरखौदा।** सरकार की ओर से संचालित कार्यक्रम के तहत राजकीय स्कूल सिसाना के छात्रों ने गुरुकुल मटिंडू का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों के साथ राजकीय स्कूल सिसाना की अध्यापिकाओं नीरू, मीनू और पूनम ने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया। विद्यालय के म्यूजियम, प्राचीन वृक्षों, विद्यालय की गतिविधियों, तकनीकि सुविधाओं, खेल मैदान, पेड़ पौधों की जानकारी प्राप्त की।

**ग्राम पंचायत, जागसी सूरा**
**ब्लॉक मुण्डलाना, तह. गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा**
**मो. नं. 8053642277, 8816961520**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत, जागसी सूरा खण्ड-मुण्डलाना, तह.-गोहाना, जिला सोनीपत में एक सफाईकर्मी का पद रिक्त है। उक्त पद पर नई नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 03.02.2024 से 18.02.2024 तक आवेदन सरपंच ग्राम पंचायत जागसी सूरा के पास जमा करवा सकता है। इच्छुक व्यक्ति ग्राम पंचायत जागसी सूरा का स्थाई निवासी होना चाहिए। शर्तें सरपंच द्वारा बता दी जाएंगी।

**हस्ता/-सरपंच**
**ग्राम पंचायत**
**जागसी सूरा (सोनीपत)**

**ग्राम पंचायत, बाघड़ू**
**खण्ड व जिला सोनीपत**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाघड़ू, सोनीपत में (1) मेन फिरनी से की चांद सिंह के घर तक गली व नाली का निर्माण कार्य। (2) मेन PWD रोड़ से श्री साहब सिंह के प्लाट तक गली व नाली का निर्माण कार्य करवाया जाना है। जिसमें गली व नालियों की लेबर H.5.R2021 के तहत दी जाएगी। अतः इन विकास कार्यों के लिए विभिन्न फर्मों से संबंधी निविदाएं प्रकाशन के 3 दिन के अंदर-अंदर अपनी निविदाएं सरपंच ग्राम पंचायत बाघड़ू को सीधी तौर पर प्रस्तुत करें। इच्छुक ठेकेदार का G.S.T. नम्बर होना जरूरी है तथा समय पश्चात आने वाली किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
समय :- प्रातः 11 बजे
स्थान :- नयी चौपाल बाघड़ू

**सरपंच-प्रवीन कुमार**
**मो. नं. 9812198481**

## खबर संक्षेप



### शिविर में आंखों की गई नि:शुल्क जाँच

खरखौदा। ठाकुर जी की रसोई, युवा शक्ति क्लब व महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति सोनीपत के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जाँच, ऑपरेशन कैम्प व मुफ्त दंत जाँच शिविर का आयोजन लाला जय नारायण धर्मशाला में किया गया। संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को कैंप में लगभग 104 मरीजों की फ्री आंखों की जांच की गई।

### नवनियुक्त पदाधिकारी ने जताया आभार

**सोनीपत।** जन नायक जनता पार्टी की बैकवर्ड प्रदेश इकाई के नव गठन में सोनीपत जिले के बरोदा हलके के जवाहरा गांव निवासी अशोक बैरागी को दूसरी बार और हवा सिंह वर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति के लिए आज अशोक जवाहरा ने बहालगढ़ रोड स्थित एक होटल में जेजेपी जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया से मिलकर कर आभार और धन्यवाद प्रकट किया।

### सिपाही के घर से जेवरात सहित राशि चोरी

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के विकास नगर में दिल्ली पुलिस के सिपाही के मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। वह अपनी परिवार के सदस्यों के साथ मुंडलाना गए थे। घर वापिस पहुंचने पर चोरी की वारदात का पता लग पाया।




### बॉक्सरों ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जीते 3 पदक

**सोनीपत।** तमिलनाडु के चेन्नई शहर की टीएनपीईएसयू यूनिवर्सिटी में 20 जनवरी से 25 जनवरी 2024 तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने 1 स्वर्ण व 2 रजत पदक सहित कुल 3 पदक अपने नाम किए। बॉक्सिंग कोच रोहताश कुमार ने बताया कि 48 किलो भार वर्ग में विशेष दहिया ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में बंगाल के साहिल व फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश के ऋषि को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

### कार्यशाला में छात्राओं को किया जागरूक

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में वीरवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. संतोष राठी द्वारा अनिल कुमार सत्यवान व राजेन्द्र पावरिया और दुर्गाशक्ति की सुमन व उनकी टीम का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्या ने सभी स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने व दुर्गाशक्ति ऐप का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# बजट को पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने सिरे से नकारा

- बजट को अधिकतर ने 2047 तक देश को विकसित बनाने के संकल्प पर आधारित बताया

## विशेषज्ञों ने कहा: बजट है संतुलित, भविष्य की दिखती है झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्र सरकार ने वीरवार को देश का बजट पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें कोई लोकलुभावनी घोषणा नहीं थी। हालांकि चुनावी साल को देखते हुए बजट से वैसे भी कोई खास उम्मीद नहीं थी। इसके बावजूद विशेषज्ञों ने बजट को संतुलित बताया और भविष्य के लिये अच्छा बताया। सत्ता पक्ष ने जहां बजट को खूब सराहा, वहीं विपक्ष ने बजट को लेकर कई नकारात्मक टिप्पणी की। बजट में किसी प्रकार का नया कर नहीं लगाना राहत भरा रहा है।

विशेषज्ञों की मानें तो चुनाव से पहले पेश किए गए बजट से लोगों ने ज्यादा उम्मीदें नहीं लगाई थी। हालांकि किसानों को उम्मीद थी कि सम्मान निधि को बढ़ाया जाएगा। वर्तमान में मिलने वाली सम्मान निधि नाकाफी है, लेकिन अंतरिम बजट से किसानों को निराशा ही मिली है। हालांकि किसानों की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रावधान किया गया है। वहीं कोई नया कर नहीं लगने और आयकर स्लैब में बदलाव नहीं करने से कुछ हद तक राहत मिली है। अंतरिम बजट को लेकर विशेषज्ञों, महिलाओं व किसान नेताओं सहित अन्य ने अपनी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं।

### हर वर्ग के हित में है बजट : सांसद



वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने संकल्प पर आधारित इस बजट में देश के गरीब, युवा, महिला तथा किसान के कल्याण पर पूरा ध्यान दिया गया है, ताकि देश का यह वर्ग आगे बढ़ते हुए देश को विकसित बनाने में अपना सहयोग दे सके। कसी भी देश के लिए विदेशी निवेशों को आकर्षित करने के लिए देश का ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करना बहुत ही जरूरी होता है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए बजट में देश के ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए पिछले बजट में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है।

**रमेश कौशिक, सांसद**




शहर में बजट को देखते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### दिखी विकसित भारत की झलक : अनिल



अंतरिम बजट मे विकसित भारत की झलक साफ दिखाई देती है। भारत अब सब से तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने आर्थिक मामले में विश्व में सबसे ऊची छलांग लगाई है। कोई भी देश मुख्यत चार स्तम्भों के आधार पर विकसित होते है। इनमें मुख्य रूप से नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब को मुख्य धारा में लाकर ही विकसित भारत की कलपना की जा सकती है। वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने संकल्प पर आधारित है।

अनिल झरोठी, पूर्व चेयरमैन, भाजपा नेता।

### बजट में महिलाओं व युवाओं का रखा ख्याल



इस बजट देश को विकसित राष्ट्र बनने की राह में आगे बढ़ने में मजबूती देगा और हमारा भारत मजबूत लोकतंत्र, युवा शक्ति तथा विविधता की ताकत से आगे बढ़ते हुए निश्चित रूप से वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस बार का बजट गरीबों, युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के कल्याण को समर्पित है। विधायक ने कहा कि भारत पूरे विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, जिसके कारण अनुमान है कि देश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2026-27 में पांच ट्रिलियन तथा वर्ष 2029-30 में सात ट्रिलियन की हो जाएगी।

**मोहन लाल बड़ौली, विधायक, राई।**

### सभी पर ध्यान किया है केंद्रित : सीए अनुज



मोदी सरकार द्वारा रक्षा, पयर्टन, शिक्षा, सौलर, अन्नदाता, महिलाओं, युवाओं पर विशेष ध्यान क्ेंरदित किया गया है। पहले के मुकाबले जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड वृद्धि, इन्कम टैक्स में रिकॉर्ड वृद्धि, इन्कम टैक्स रिटर्नस में रिकॉर्ड वृद्धि, रेलवे का आधुनिकरणस एवं इलेक्ट्रिक वाहन की ओर ध्यान केंद्रित किया गया है। कसी भी देश के लिए विदेशी निवेशों को आकर्षित करने के लिए देश का ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करना बहुत ही जरूरी होता है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होता है।

**सीए अनुज मंगला, पूर्व प्रधान, सोनीपत सीए एसोसिएशन**

### चुनावी बजट पेश किया गया है : विधायक



केंद्र सरकार ने जनता के हितों को पूर्ण रूप से ध्यान में रखकर बजट नहीं बनाया। सिर्फ चुनावों को देखते हुए चुनावी बजट पेश किया गया है। जनता बजट को स्वीकार नहीं करेगी। सबका साथ सबका विकास करने वाला बजट सरकार को पेश करना चाहिए था। अहम मुद्दों पर बजट में ध्यान नहीं दिया गया। बजट सिर्फ लुभावने वादों पर अधारित है इससे जनता का भला होने वाला नहीं है। बजट में गरीब, मजदूर व किसान के लिए कुछ खास नहीं किया गया है जिससे उनका सतर ऊंचा उठ सके।

**सुरेंद्र पंवार, विधायक, सोनीपत।**

### बजट में हर वर्ग का रखा ध्यान : कविता



बजट में गरीब, महिला, युवा और किसान सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। महिला तथा किसान के कल्याण पर पूरा ध्यान दिया गया है, ताकि देश का यह वर्ग आगे बढ़ते हुए देश को विकसित बनाने में अपना सहयोग दे सकदेश में जारी विकास और जनकल्याण के कार्यों से 25 करोड़ आबादी गरीबी रेखा से बाहर आई है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। आने वाले समय में हमारा देश पीएम नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगी।

**कविता जैन, पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार**

### देश के लिए तरक्की वाला बजट : सीए



यह बजट देश को तरक्की देने वाला है। डायरेक्ट व इनडायरेक्ट टैक्स में पुरानी दरें बरकरार रखी गई हैं। प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। रिफंड प्रक्रिया में लगने वाला समय 93 दिन से कम कर 10 दिन रह गया है। इससे रिफंड जारी करने में तेजी आई है। कसी भी देश के लिए विदेशी निवेशों को आकर्षित करने के लिए देश का ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करना बहुत ही जरूरी होता है इससे देश को मजबूती मिलती है और अर्थव्यवस्था में सुधार आता है। **रोहित छिक्कारा, सीए**

### बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : रविंद्र भारद्वाज

11 लाख 11 हजार करोड़ का ये बजट इतिहास का सबसे ज्यादा कैपेक्स वाला बजट है जोकि देश की इकोनॉमी ग्रोथ को गति देने के लिए सरकार की मंशा को दिखाता है। इस अंतरिम बजट में किसी तरह के टैक्स का बोझ नहीं डाला गया है और ना की लोकलुभावना बजट देने की कोशिश में देश पर कोई अलग से सब्सिडी का बोझ डाला गया है। बजट में सरकार ने रेलवे, ग्रीन एनर्जी सेक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल और टूरिज्म सेक्टर के लिए विशेष प्रावधान रखे है। सरकार की वित्तीय घाटे को काबू में रखने की कोशिश और देश की जीडीपी को 7% से ऊपर ले जाने की कोशिश है।

# पांच दिवसीय-डिजिटल मार्केटिंग पर मैनेजमेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम में छात्रों को किया जागरूक

- व्यक्तिगत व व्यवसायिक जीवन में सामंजस्य जरूरी : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश का स्वागत करते आयोजन समिति सदस्य।

खानपुर कलां गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल, सेंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन तथा कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय-डिजिटल मार्केटिंग पर मैनेजमेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम गुरुवार को प्रारंभ हो गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने कहा कि युवा मस्तिष्क नायाब विचारों से भरपूर होते हैं। वे सक्रिय विचारधारा के साथ किसी भी दिशा में नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत और व्यवसायिक जीवन में सामंजस्य बैठाने पर भी बल दिया। एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र, भिवानी से रचना त्रिपाठी ने बतौर मुख्य वक्ता स्टार्टअप, इनोवेशन और स्किल इंडिया सहित एमएसएमई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। रिसोर्स पर्सन के रूप में डिजिटल ओरा कंपनी के पुनीत शर्मा एवं शिव कुमार ने छात्राओं को सर्च इंजन, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग सहित अन्य तकनीकों से अवगत कराया। इस कार्यशाला के आयोजक सचिव आईपीआर सेल के नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद मलिक हैं। कार्यशाला की को-आर्डिनेटर कॉमर्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा और कन्वीनर सेंटर फॉर स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन की नोडल अधिकारी डॉ. अंशु भारद्वाज हैं। इस अवसर पर कॉमर्स विभाग के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पेंशन संकल्प महारैली के लिये दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपतकर्मचारियों के बीच पहुंचें समिति के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

आज दीनबंधु छोटूराम तकनीकी विश्वविद्यालय के सेमिनार हाल में पेंशन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विवि के सभी विभागों के संगठन व पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला कार्यकारिणी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के कर्मचारियों व अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजेन्द्र धारीवाल प्रदेश अध्यक्ष, पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा उपस्थित रहे। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों का आंदोलन तेजी पकड़ रहा है सभी विभागों के कर्मचारी पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले एकत्रित हो रहे है। 11 फरवरी 2024 को जींद में ओपीएस संकल्प महारैली की तैयारी चल रही है इसके लिए ब्लॉक स्तर से विभाग स्तर पर कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश मुख्य सलाहाकार प्रमोद ईष्टकान, जिलाध्यक्ष महेंद्र, महासचिव अजय दहिया, विश्वविद्यालय से अजमेर सिंह, जगबीर सिंह, प्रधान आंनद राणा, महेन्द्र, सत्यवान, देवेन्द्र, महेन्द्र सैनी, विजेंद्र, पंकज, सतीश, प्रोफेसर ज्योति दहिया व जिला कार्यकारिणी से मुख्य संगठन सचिव रंजीव राणा, प्रेस सचिव राजकुमार व सुदेश कुमारी, ब्लॉक गन्नौर अध्यक्ष राकेश कुमार, जिला सह-कोषाध्यक्ष राहुल आदि रहे।



**सोनीपत।** हवन करते हुए वरिष्ठ नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

### वरिष्ठ नागरिकों ने सामूहिक रूप से मनाया जन्मदिन

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में आर्य समाज सेक्टर 14 में मासिक आध्यात्मिक सत्संग/यज्ञ/ हवन का आयोजन फरवरी मास में जन्म लेने वाले सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया। आध्यात्मिक कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को ब्रह्मा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। यज्ञ के पश्चात ब्रह्मा ने अपना प्रवचन आरम्भ करते हुए कहा कि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को भी अपना वैदिक रीति से जन्मदिवस मनाया जाना चाहिए ताकि पिछले वर्ष के आदर्शों का अनुकरण करनें तथा अवगुणों का त्याग करनें का संकल्प करना चाहिए। उन्होंने जन्मदिन, अन्य ग्यारह मंत्रों का पाठ और गायत्री मंत्र का उच्चारण करके इसके महत्व को समझाने का भी प्रयास किया।

# कल्पना चावला को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। कल्पना चावला के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक।

कल्पना चावला विद्यापीठ में उड़नपरी कल्पना चावला की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। मंच का संचालन विज्ञान अध्यापक विजय ने किया। अध्यापिका मीनू व सुमित्रा ने बताया कि कल्पना चावला का जन्म 1 जुलाई 1962 को प्रदेश के करनाल जिले में हुआ था। उनके पिता का बनारसी लाल चावला तथा माता संज्योती चावला ने उन्हें अच्छे संस्कार देकर बड़ा किया। उनके नाम पर ही विद्यालय का नाम रखा गया है । 1976 में उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और 1982 में एमएससी इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की। 1988 में उन्होंने नासा रिसर्च सेंटर में ज्वाइन किया। 1 फरवरी 2003 को कोलंबिया अंतरिक्षयान पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करते ही टूटकर बिखर गया। जिसमें ये अंतरिक्ष यात्री सितारों की दुनिया में विलीन हो गए। बच्चों ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से कल्पना चावला को याद किया। प्राचार्या उषा वत्स ने बच्चों को बताया कि मरणोपरांत उन्हें कॉंग्रेसनल अंतरिक्ष पदक के सम्मान, नासा अंतरिक्ष उड़ान पदक, नासा विशिष्ट सेवा पदक आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्होंने बच्चों को कल्पना चावला की तरह शिक्षा ग्रहण करके अपने माता-पिता, शिक्षकों, विद्यालय तथा अपने गांव व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# छीनाझपटी की वारदात में शामिल चार दबोचे

- अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना पुलिस ने छीनाझपटी की वारदात में शामिल चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हन्नी निवासी कुंडली, दीपांशु उर्फ काला निवासी नरेला दिल्ली, शिवदत्त निवासी उत्तर प्रदेश व विजय निवासी शामली उत्तर प्रदेश का है। गांव नांगल कलां निवासी संजय ने गत 30 अक्टूबर को शिकायत देकर बताया था कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर करीब तीन बजे ड्रेन नंबर-8 के पास सेरसापुर फैक्टरी के पास पहुंचा। उसी दौरान बाइक पर आए चार लड़कों ने उसका रास्ता रोकर लिया। उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।

उसी जेब से हजारो रुपये की राशि निकाल ली। एक लड़के ने सब्जी काटने वाले वाले चाकू से वार कर दिया। उसका बैग छीन लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबधं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक रविंद्र की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को काबू कर लिया।

# कल्पना चावला को पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

- कल्पना चावला प्रथम भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री थीं : कत्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। कल्पना चावला को नमन करते हुए मोर्चा के सदस्य।

कल्पना चावला प्रथम भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री थीं। गुरुवार को यह खुलासा उनकी 21वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के रिटायर्ड एसई विजय कत्याल ने किया।

विजय कत्याल आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे द्वारा सुभाष कत्याल मार्ग पर स्थित टीटू धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। अध्यक्षता मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने की तथा संयोजन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता विजय कत्याल ने कहा कि अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक 16 दिन बिताने के बाद जब 1 फरवरी 2003 को कोलंबिया स्पेस शटल पृथ्वी पर वापस लौट रहा था, तभी वायु मंडल में प्रवेश के समय विघटन से आग लग गई तथा कल्पना चावला समेत सब अंतरिक्ष यात्रियों की मृत्यु हो गई। इस श्रद्धांजलि समारोह में डॉ. समुद्र दास, रमेश मेहता, हरभगवान चोपड़ा, रघुबीर भनवाला, कृष्ण पांचाल, धीरज मेहता आदि रहे।

## कल्पना चावला की पुण्यतिथि पर हुआ विशेष स्मरणीय आयोजन

# उड़नपरी को पुण्यतिथि छात्राओं को किया सम्मानित

पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में बीकॉम की पायल तथा नारा लेखन स्पर्धा में एमकॉम की अंजलि रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में छात्राओं को सम्मानित करती प्राचार्या साथ में अन्य।

भारतीय मूल की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की जयंती के मौके पर जीवीएम गर्ल्ज कालेज में विशेष स्मरणीय आयोजन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने स्व. कल्पना चावला को नमन करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे उनका अनुसरण करते हुए आसमान की बुलंदियों को छूने का प्रयास करें।

भारतीय मूल की पहली महिला अंतरीक्ष यात्री कल्पना चावला की जयंती के मौके पर जीवीएम गर्ल्ज कालेज में विशेष स्मरणीय आयोजन करते हुए उन्हें श्रद्घांजलि दी गई। जीवीएम में कल्पना चावला की याद में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। प्राध्यापिका डा. पूजा गुलाटी ने बताया कि इस दौरान रिमैंबरिंग कल्पना चावला :ए लिगैसी ऑफ इंस्पायरेशन थीम पर पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। पोस्टर मेकिंग में बीकॉम द्वितीय वर्ष की पायल, नारा लेखन स्पर्धा में एमकॉम उत्तरार्द्ध की अंजलि प्रथम रहे। इस मौके पर प्राध्यापिकाएं कमलेश चोपड़ा, रोजी चोपड़ा, अर्चना, जैस्मिन दुग्गल, वंदना मलिक, रोहिणी मदान, नीति, सुशीला, प्रियंका, संगीता, संगीता शर्मा, अंशू, डा. पूजा गुलाटी आदि उपस्थित रही।